प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार — दिनांक 19.03.2026

मुख्य समाचारः—

- विधानसभा में पारित हुआ छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक।
- प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए अलग से संचालनालय का गठन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने आज रायपुर पहुंचकर निजी अस्पताल में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मारे गए मजदूरों के परिजनों से मुलाकात की।
- मां दुर्गा की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र आज से शुरू—जशपुर जिले के दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री।

विधानसभा—धर्म स्वातंत्र्य विधेयक
राज्य विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पारित हो गया है।

इससे पहले, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस विधेयक को आज सदन में पेश किया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने इस विधेयक पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ग्यारह राज्यों में ऐसे ही मामले पहले से उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। ऐसे में इस विधेयक पर चर्चा न कर इसे विधानसभा की प्रवर समिति को सौंप देना चाहिए।

जवाब में गृह मंत्री विजय शर्मा और अजय चंद्राकर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह नहीं कहा है कि इस पर नये कानून न बनाए जाए। राज्य सरकार चाहे तो कानून बना सकती है। इस बीच, आसंदी ने नेता प्रतिपक्ष की आपत्ति को खारिज कर दिया, जिससे नाराज विपक्षी सदस्यों ने आज की कार्रवाई का बहिष्कार करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

बाद में विपक्ष की अनुपस्थिति में सत्तापक्ष के विधायकों ने इस विधेयक पर अपने विचार रखें और फिर इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

विधानसभा समाचार—01
राज्य विधानसभा में आज एसआईआर में नाम कटने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार, राज्य पुलिस बल पदक सम्मान राशि और आयुष्मान कार्ड से इलाज में अनियमितता सहित अन्य कई मुद्दे गूंजे।

शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि एसआईआर के तहत प्रदेश में उन्नीस लाख तेरह हजार से ज्यादा लोगों के नाम काटे गए हैं। उन्होंने इस पर चर्चा कराने की मांग की। जवाब में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह ने कहा कि सदन में इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकती, क्योंकि यह राज्य का मुद्दा नहीं है। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्ष में जारी नोंकझोंक के बीच आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

प्रश्नकाल में आज विपक्ष ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में एक सौ चालीस करोड़ रुपए के नियम विरूद्ध भुगतान का मामला उठाते हुए इसकी जांच सीबीआई या विधानसभा की समिति से कराने की मांग की। इस पर मंत्री विजय शर्मा ने विभागीय जांच कराने का आश्वासन दिया।
प्रश्नकाल में ही सत्तापक्ष के विधायक रामकुमार टोप्पो ने राज्य पुलिस बल पदक से सम्मानित होने वाले अधिकारियों को दी जाने वाली सम्मान राशि की जानकारी मांगी। जवाब में गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि

सशस्त्र बल वीरता पुरस्कार पाए वाले जवानों और अधिकारियों को एक बार में बीस लाख रूपये की सम्मान राशि दी जाती है। इसके अलावा राज्य सरकार की तरफ से भी उन्हें जीवनभर बीस हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाता है।

विधानसभा समाचार–02

सदन में कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बालोद के अर्जुंदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में अनियमितता का मामला उठाया। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस मामले में शिकायत के बाद समिति द्वारा जांच कराई गई है। जांच में किसी तरह की अनियमितता नहीं पाई गई है। ऐसे में इस पर कार्रवाई संभव नहीं है।

विधानसभा में आज नगर और ग्राम निवेश संशोधन विधेयक तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संशोधन विधेयक को चर्चा के बाद सर्व–सम्मति से पारित कर दिया गया।

पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद–बैठक

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए अलग से संचालनालय का गठन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में हुई राज्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक में दी गई। बैठक में नये हॉस्टल भवन निर्माण और अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वर्तमान में पचपन विभागीय छात्रावास स्वीकृत है। हाल ही में पेश किए गए बजट में जशपुर, रायगढ़, मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, धमतरी और रायपुर में अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री–कार्रवाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में दबावपूर्वक मानवरहित सेप्टिक टैंक की सफाई करवाने वाले व्यक्तियों पर कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीवरेज टैंक की सफाई के संबंध में दिशा–निर्देश जारी करते हुए कहा है कि केवल नगर निगम के माध्यम से अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाए। साथ ही सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों का भी ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री ने यह बात राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में कही। गौरतलब है कि रायपुर के एक निजी अस्पताल में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत हो गई थी।

इस बीच, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर के बीएसयूपी कॉलोनी स्थित मृतकों के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद श्री गिल ने निजी अस्पताल पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से घटना के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सभी निर्धारित मानकों का पालन किया जाना चाहिए।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

देश में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली है। इसके तहत रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में पच्चीस मार्च से तीन अप्रैल तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की तैयारियों को लेकर उपमुख्यमंत्री और खेल तथा युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने कल वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों के आवास, परिवहन और भोजन संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की।

जीरामजी–कार्यशाला

भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी द्वारा आज कवर्धा में विकसित भारत – जी राम जी योजना को लेकर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग  के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में कवर्धा के जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी मात्र रोजगार देने वाली एक योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण आबादी के संपूर्ण आजीविका परिदृश्य के कायाकल्प के लिए तैयार की गई एक महत्वाकांक्षी पहल है।

चैत्र नवरात्र/विक्रम संवत

मां दुर्गा की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है। सुबह से ही देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में दर्षन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलष प्रज्जवलित किए जा रहे हैं। साथ ही मंदिरों को बिजली की झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। इस मौके पर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेष्वरी मंदिर, रतनपुर स्थित मां महामाया, चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी और दंतेवाड़ा स्थित दंतेष्वरी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और पैदल यात्रियों के लिए विषेष व्यवस्था की गई है।

दुर्ग जिले में कुम्हारी टोल प्लाजा से अंजोरा बाईपास तक पदयात्रियों के लिए अलग से सुरक्षित कॉरिडोर निर्धारित किया गया है।

इस बीच, आज से भारतीय नववर्ष भी शुरू हो गया है। इसे विक्रम संवत या नव संवत्सर कहते हैं। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है। देष के विभिन्न भागों में नववर्ष को अलग–अलग नामों से जाना जाता है। हिन्दू नववर्ष को लेकर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आज धार्मिक संगठनों ने रैली निकाली।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि, हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

सरहुल महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने धरती माता, सूर्य देव और  साल वृक्ष की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी सौ से अधिक महिलाओं और युवतियों की टोली ने सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया।

रवि मित्तल–पीएम कार्यालय प्रतिनियुक्ति

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारी डॉक्टर रवि मित्तल को प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर उप सचिव के पद पर नियुक्त किया है। डॉक्टर मित्तल वर्ष दो हजार सोलह छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।

डॉक्टर मित्तल वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में जनसंपर्क आयुक्त के पद पर कार्यरत् हैं। वे जशपुर के कलेक्टर भी रह चुके हैं।

संक्षिप्त समाचार

- आबकारी आयुक्त कार्यालय ने प्रदेश में आबकारी आरक्षक के दो सौ रिक्त पदों के लिए हुई परीक्षा के बाद आज अंतिम चयन सूची जारी कर दी है।

- बलरामपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा में करीब दस लाख रूपये की वित्तीय अनियमितता के आरोप में पुलिस ने हरिगवां ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायक को गिरफ्तार कर लिया है।

- दुर्ग जिले में नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीकृत और आयुष्मान योजना में शामिल अस्पतालों के निरीक्षण के दौरान निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने पर अड़तालीस निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं, पांच अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

- मुंगेली जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान के तहत  जनपद पंचायत स्तर पर विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक और क्षेत्रीय समन्वयक के पदों पर संविदा भर्ती के लिए छह अप्रैल तक आवेदन मंगाए गए हैं।

- इसी जिले के नवागांव में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए छह अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- दंतेवाड़ा और बीजापुर वनक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने बाघ और तेंदुए के शिकार के मामले में एक डिप्टी रेंजर सहित नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>